मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 07/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 237/2024
07 सितंबर 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
===========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों ने राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को प्रदान किए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का जताया आभार।
===========================

★ मुख्यमंत्री ने कहा - सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार
===========================

★ मुख्यमंत्री ने कहा- झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन
===========================

★ मुख्यमंत्री ने कहा - ईमानदारी, निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ आमजनों की समस्याओं का हो रहा है समाधान
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के समक्ष सहायक पुलिसकर्मियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि विगत 6 सितंबर 2024 को आयोजित हुए कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मियों के सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को स्वीकृति दिए जाने का

निर्णय सराहनीय पहल है। सहायक पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में सभी को उनका हक-अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री जी हम सभी की ओर आपका आभार और धन्यवाद!

सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सहायक पुलिस कर्मियों से कहा कि आने वाले दिनों में सहायक पुलिस कर्मियों के लिए उनकी सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगी। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजनों की परेशानियों का समाधान करने में जुटी है। सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी वर्ग-समुदायों को मिल रहा है।

देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी मिलेगा पेंशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन मिलेगा। हमारी सरकार राज्यहित से जुड़े कार्य निरंतर कार्य कर रही है। आमजनों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। आज राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोगों का हुजूम ढ़ोल-नगाड़ा लेकर मुख्यमंत्री आवास जश्न मनाने पहुंच रहें है। राज्य सरकार के पदाधिकारी आमजनों के घरों तक पहुंचकर उनकी

समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों में विवेकानंद प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार, उज्जवल कुमार, सोनाली हेंब्रम, मगडाल बागे, शांति मुंडा, उमेश मुंडारी, राजेंद्र हांसदा, शाहदेव भगत, सावन मुंडा, स्मिता कुमारी, देवकी बालमुचू, पवन लीला किस्कू, रविंद्र साहू सहित अन्य सहायक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

###

===========